**भारत सरकार**
**भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय**
**भारी उद्योग विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1541**
**जिसका उत्तर सोमवार, 21 जुलाई, 2014 को दिया जाना है**

**केरल में भारी उद्योग**

**1541. श्री के. सी. वेणुगोपाल:**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में केरल राज्य में कार्य कर रहे भारी उद्योगों का ब्यौरा क्या है; और
(ख) राज्य में उन उद्योगों में से जो घाटे में चल रहे हैं, उनका ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री**
**(श्री पोन्. राधाकृष्णन)**

**(क और ख):** चूंकि उद्योग राज्य का विषय है, इसलिए विभिन्न राज्यों में स्थापित भारी उद्योगों के लिए इस विभाग में कोई केन्द्रीकृत आंकड़े नहीं रखे जाते हैं। केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों का राज्यवार ब्यौरा और केरल में स्थित केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के हानि में चल रहे उद्यमों की हानि का ब्यौरा लोक उद्यम सर्वेक्षण 2012-13 के खण्ड-I के विवरण संख्या 13 और 6 में उपलब्ध है जिसे संसद के दोनों सदनों के पटल पर दिनांक 20 फरवरी, 2014 को पहले ही रखा जा चुका है।

*****